संक्षिप्त

ग्रामीणों ने 80 हजार से टीनशेड बनाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती रामगढ़ मुराडा ग्राम पंचायत स्थित माधोपुरिया ढाणी में ग्रामीणों ने जनभागीदारी से राजकीय प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। बारिश में जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हुए स्कूल भवन को प्रशासन ने असुरक्षित घोषित कर हटवा दिया था, जिससे विद्यालय भवनविहीन हो गया था। सरकारी सहायता का इंतजार किए बिना, ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की पहल की। उन्होंने सामूहिक सहयोग से लगभग 80 हजार रुपए की लागत से 4020 वर्गफीट का टीन शेड निर्मित कर कक्षाएं शुरू कीं। इसके अतिरिक्त, विद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए तारबंदी भी करवाई गई। प्रधानाध्यापक लोकेश मीणा के अनुसार, ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से लगभग 7 लाख रुपए मूल्य की 1.5 बीघा भूमि विद्यालय के लिए खरीदी और उसका नामांतरण भी करवा दिया। इसके साथ ही, ग्रामीणों ने करीब 5 लाख रुपए एकत्रित कर 2020 वर्गफीट के एक पक्के कक्ष का निर्माण भी शुरू किया है, जो शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद है। विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए बिजली कनेक्शन लेकर बोरिंग करवाई गई और पानी की टंकी स्थापित की गई है। समग्र शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 60 से अधिक विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं।

शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम

गंगापुर सिटी, (निसं)। सैकंडरी बोर्ड परीक्षा में कुहू इण्टरनेशनल स्कूल ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है। 8 विद्यार्थियों ने 95: या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं जिनमें पृथ्वीराज गुर्जर ने 96.33:, रिहान खान ने 96.17:, गिरीश सोनवाल ने 96.00:, हेमंत कुमार मीणा ने 95.67:, हेमंत सैनी ने 95.67:, लता महर ने 95.67:, आरोही गुप्ता ने 95.50:, यश कुमार शाक्यवार ने 95.50: विद्यालय में सेकेंडरी कक्षा में अध्यनरत 249 बच्चों में से 221 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है, 27 बच्चों ने द्वितीय और एक विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की है। इस प्रकार कुल मिलाकर बोर्ड परीक्षा परिणाम 100: रहा है। ठीक इसी प्रकार आठवीं और पांचवी में शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त की है। संस्था प्रधान डॉ मिथिलेश शर्मा ने इस परीक्षा परिणाम का संपूर्ण श्रेय समर्पित अनुभवी शिक्षकों को और विद्यार्थियों के अभिभावकों को दिया है जिन्होंने इन सभी विद्यार्थियों को घर पर भी अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

22 लाख श्रद्धालुओं ने लिए किए दर्शन

करौली, (निसं)। राजराजेश्वरी मां कैलादेवी के चैत्र मास नवरात्रा मेले में लगातार श्रद्धालुओं का दर्शनों के लिए सैलाब दिन प्रतिदिन उमड रहा है मंगलवार को करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां कैलादेवी जी के दर्शन लाभ लेकर मनौती मांगी इस प्रकार मेले के शुभारंभ से लेकर आज मंगलवार तक करीब 22 लाख के करीब श्रद्धालु दर्शन लाभ ले चुके हैं। इस वर्ष राजराजेश्वरी कैलामाता का नवरात्रा चैत्र मेला 16 मार्च 2026 से शुरू हुआ तब से लेकर मंगलवार तक यानी मेले के नौवे दिन तक कल 22 लाख श्रद्धालु उत्तरी भारत के केला मां के लख्खी मेले में श्रद्धालु दर्शन लाभ ले चुके हैं अब अष्टमी और राम नवमी के दिन मेला फिर से प्रमाण पत्र चढ़ाने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट के लीगल एडवाइजर कंट्रोल रूम प्रभारी संतोष सिंह एडवोकेट सहायक मैनेजर चंद्रकांता विशेष अधिकारी किशनपाल सिंह एवं विवेक द्विवेदी गार्ड प्रभारी कल्याण सिंह आदि मेले की व्यवस्था में रात दिन लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल के निर्देशानुसार देश के उत्तरी भारत क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता के दर्शन लाभ दिलाने की प्रयास रहे। एडवोकेट संतोष सिंह ने बताया कि मंगलवार को करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन लाभ ले चुके हैं।

नारायणी माता का जन्मोत्सव 26 को

गंगापुर सिटी, (निसं)। नारायणी माता जन्मधाम सैन समाज विकास महासभा समिति के तत्वाधान में नारायणी माता का 1078 वां जन्मोत्सव अखिल भारतीय कर्मावती जन्मधाम गढमोरा में गुरूवार को मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कलुआ राम सैन ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत शोभायात्रा, राजा मोरध्वज की मूर्ति अनावरण, भव्य महाआरती एवं भामाशाह सम्मान समारोह का अयोजन किया जायेगा। इस दौरान समाज के भामाशाहो का भी सम्मान किया

कृषि उपज मंडी में शुरू हुई गेहूं खरीद, पहले दिन प्रक्रिया धीमी रही

गंगापुर सिटी, (निसं)। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद प्रक्रिया आखिरकार शुरू हो गई है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कृषि उपज मंडी में सरकारी कांटे पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ खरीद कार्य का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल 2735 रुपए का भुगतान मिलेगा। यह प्रक्रिया पहले 10 मार्च से शुरू होनी थी, जिसे फसल की तैयारी नहीं होने के कारण 16 मार्च तक बढ़ाया गया था। हालांकि, व्यवस्थाएं पूरी नहीं होने के कारण खरीद कार्य 7 दिन की देरी से शुरू हो सका। शुभारंभ के अवसर पर मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इसमें राज्य सरकार द्वारा 150 रुपए का बोनस अलग से दिया जा रहा है, जिससे किसानों को कुल 2735 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे।

गंगापुर सिटी में सरकारी कांटे पर गेहूं की तोल करते किसान।

खरीद के पहले दिन प्रक्रिया धीमी रही। सरकारी कांटे पर केवल 3 किसानों ने अपनी उपज बेची। गुणवत्ता निरीक्षक शैलेन्द्र गुप्ता के अनुसार, मोतीपुरा गांव के सुबुद्धि गुर्जर, उदेई कलां के शिवदयाल और मोहम्मद अकमल मंडी में गेहूं लेकर पहुंचे। इन किसानों से लगभग 150 क्विंटल गेहूं की खरीद और तुलाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती दिन होने के कारण आवक कम रही, लेकिन आने वाले दिनों में किसानों की संख्या बढ़ने के साथ खरीद कार्य में तेजी आएगी।

इस बार सरकार ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में कई बदलाव किए हैं। किसानों को पहले ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद उन्हें स्वयं तुलाई के लिए स्लॉट बुक करना होगा। यदि निर्धारित तिथि पर किसान नहीं पहुंच पाता है, तो वह ऑनलाइन ही तिथि बदल सकता है। तुलाई से एक दिन पहले दस्तावेजों की जांच की व्यवस्था लागू की गई है। तुलाई के दिन किसान या जन आधार से जुड़े परिवार के सदस्य को बायोमैट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही उपज को केंद्र पर उतारा जा सकेगा। इसके चलते किसानों को एक दिन पहले ही केंद्र पर पहुंचना पड़ रहा है। साथ ही इस बार गिरदावरी के अनुसार ही उपज बेचने की अनुमति दी गई है, जिससे निर्धारित मात्रा से अधिक या कम गेहूं केंद्र पर नहीं बेचा जा सकेगा।

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए अब तक 324 किसानों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन पहले दिन केवल 3 किसान ही केंद्र पर पहुंचे। खरीद शुरू होने के बावजूद केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिला। किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ यह समस्या और गंभीर हो सकती है, जिससे किसानों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। हालांकि मंडी सचिव ममता गुप्ता का कहना है कि केंद्र पर पानी और छाया की व्यवस्था की गई है तथा टंकी भी रखवाई गई है। वहीं गुणवत्ता निरीक्षक शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि पहला दिन होने के कारण कुछ व्यवस्थाएं अधूरी रहीं, जिन्हें जल्द ही दुरुस्त कर दिया जाएगा।

- **किसानों को मिलेंगे 2735 रुपए प्रति क्विंटल, पहले दिन 150 क्विंटल तुलाई**

वजीरपुर उपखंड क्षेत्र में भी बड़ौली मोड़ स्थित राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया 16 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक जारी रहेगी। ठेकेदार प्रतिनिधि हेमराज के अनुसार खरीदी गई उपज की राशि 48 घंटे के भीतर किसानों के जनाधार से जुड़े बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उपज निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही लेकर आएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है और किसान ई-मित्र केंद्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

इस सीजन में गंगापुर सिटी केंद्र के लिए 4000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 5500 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। केंद्र पर फिलहाल करीब 3500 कट्टों का बारदाना उपलब्ध है और 10 हजार कट्टों की अतिरिक्त मांग भेजी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराते हुए खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा।

सार-समाचार

खंड कार्यकारिणी के विस्तार पर की चर्चा

करौली, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह की अध्यक्षता में सपोटरा खंड के हाडोती गांव में एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से खंड कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई, वहीं गांव में हो रहे कुछ विवादित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।विश्व हिंदू परिषद के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी विस्तार और संगठनात्मक सुधार प्रमुख उद्देश्य रहा, जिससे विहिप के आगामी कार्यों एवं उद्देश्यों को प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच कैलाश चंद मीणा ने बताया कि खटीक समाज के रामफूल पटेल की रियासत कालीन समय से कुआं, एनीकट, कच्चा रास्ता, एवं हनुमान मंदिर की भूमि को सम्मिलित करते हुए, लतीफ खान बगैराह को संख्या में 6 पटटों को अनियमित रूप से तत्कालीन ठाम पंचायत के सरपंच द्वारा जारी कर दिये गए। सरपंच कैलाश चंद मीणा ने कहा मेरे स्वयं के कार्यकाल में हनुमान जी मंदिर परिसर में स्थित कुआं, रास्ता और ऐनीकट निर्माण मरम्मत कार्य, अकाल राहत के तहत कार्य करवाए गए है। बैठक में हाडोती भाजपा मंडल महामंत्री मारुतेंद्र पाल बडौदा गजराज पाल ने बताया कि स्थानीय व्यक्ति लतीफ खान बगैराह ने अपने पुराने रिहायशी मकान का पट्टा जारी करने के लिए ठाम पंचायत को आवेदन किया था। तत्कालीन सरपंच गीता देवी ने नियमों के विपरीत रियासत कालीन ऐनीकट, कच्चा रास्ता, कुआं तथा हनुमान मंदिर परिसर को सम्मिलित करते हुए पट्टे जारी कर दिए गए, शिकायत के आधार पर जिला कलेक्टर ने इन सभी पटटो को निरस्त कर दिया। इस निर्णय से गांव में खुशी का माहौल है।बैठक में उपस्थित लल्लू पंसारी, हनुमान प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार, विनोद कुमार जंगम, सीताराम गुप्ता, कैलाश चंद्र मीणा पूर्व सरपंच, हजारीलाल पटेल, राम प्रसाद मीणा, मुकेश मीणा, रामफूल पटेल आदि उपस्थित सभी प्रमुख प्रबुद्ध जनों ने निर्णय लिया कि स्थानीय पंचमुखी. हनुमानजी की मूर्ति को पुन: स्थापित करने के लिए जन सहयोग से एक समिति बनाई जाएगी, जिसमें सभी समाजों के लोग सम्मिलित होंगे।

चोरी का खुलासा, दंपति गिरफ्तार

भुसावर, (निसं)। भुसावर थाना भुसावर की बल्लभगढ़ चौकी पुलिस ने थाना पर दर्ज चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भूपेन्द्रसिंह मांडिया प्रशिक्षु आरपीएस ने जानकारी देते हुए बताया कि रेंज आईजी कैलाश चंद विश्नोई एवं जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशानुसार चोरी के दर्ज हुये अज्ञात मुलजिमान के विरूद्व आसूचना जुटाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु टीम का गठन किया गया। जहां टीम ने एएसपी वैर ओमप्रकाश मीणा एवं सीओ वीरेंद्र शर्मा के सुपरवीजन में कार्य करते हुए चोरी का खुलासा किया और तोताराम पुत्र भगवान सहाय जाति सैनी उम्र 27 साल निवासी बालाहेडा थाना बैजूपाडा जिला दौसा को डिटेन किया। बाद अनुसंधान जुर्म स्वीकार करने पर घटना मे सरीक मुल. की पत्नी सपना पत्नी तोताराम जाति सैनी उम्र 25 साल को डिटेन कर बाद अनुसंधान जुर्म स्वीकार करने पर मुलजिमान के कब्जे से चोरी गये माल को बरामद किया गया।

संतुलित आहार पोस्टर का किया विमोचन

करौली, (निसं)। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल करौली में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं इन प्रयासों में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे, आमजन को टीबी के कारणों और घटकों के बारे में जागरूक कर संतुलित आहार के लिए प्रेरित करना होगा।

- **जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास : एडीएम हेमराज परिडवाल**

उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित कर कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी अपने क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दे। हमें चाहिए कि उचित खानपान के लिए लोगों को प्रेरित करें और टीबी से बचाव उपायों को हर वर्ग तक पहुंचाएं। उन्होंने संतुलित आहार पोस्टर का विमोचन और पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने कहा कि हम और हमारी टीम जिले में टीबी उन्मूलन के हर संभव प्रयास कर रही है।आज से शुरू विशेष टीबी मुक्त भारत अभियान की 100 दिवसीय कार्य योजना में मिलकर कार्य करें, जिससे टीबी उन्मूलन को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जन जागरूकता का प्रयास किया गया है, मुझे आशा है कि जागरूक नागरिक टीबी से बचाव के संदेश को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में मदद करेंगे।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार द्वारा जिले में टीबी की स्थिति से अवगत कराकर 100 दिवसीय कार्य योजना की रूपरेखा से अवगत कराया।

भरतपुर में 17 साल बाद भाई-बहन का मिलन

भरतपुर, (निसं)। 17 वर्ष बाद बहन से मिला भाई, अपना घर आश्रम बना भावुक पुनर्मिलन का साक्षी। अपना घर आश्रम, भरतपुर में मंगलवार को एक अत्यंत भावुक दृश्य देखने को मिला, जब 17 वर्षों से बिछुडी बहन का अपने भाई से मिलन हुआ। वर्षों का बिछोह एक पल में आंसुओं में बदल गया और वहां उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे।

महाराष्ट्र के जिला बीड की निवासी प्रभुजी शेख शेर बानो वर्ष 2008 में मानसिक अस्वस्थता के चलते घर से निकल गई थीं और रास्ता भटक जाने के कारण अपने परिवार तक नहीं पहुंच सकीं। वर्ष 2012 में उन्हें अजमेर से अपना घर आश्रम, भरतपुर लाया गया, जहां वर्षों तक सेवा, उपचार और स्नेहपूर्ण देखभाल के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

स्वस्थ होने पर उन्होंने अपने गांव का पता बताया, जिसके बाद आश्रम की पुनर्वास टीम ने परिजनों से संपर्क स्थापित किया। सूचना मिलते ही उनके भाई शेख अखिल जलील परिवार सहित आश्रम पहुंचे। जैसे ही भाई-बहन आमने-सामने हुए, दोनों एक-दूसरे से लिपटकर फफक पड़े। यह दृश्य इतना भावुक था कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। भाई ने भावुक होकर कहा कि हमें उम्मीद थी कि एक दिन बहन जरूर मिलेगी, आज अल्लाह ने वह दिन दिखा दिया। परिवार ने बताया कि बहन के बिछुड़ने के समय उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां थीं।

दुर्भाग्यवश एक पुत्र का बीमारी के कारण निधन हो गया, जबकि दूसरा पुत्र काम के दौरान परिवार से बिछुड़ गया और आज तक उसका कोई पता नहीं चल सका। इस बीच दोनों पुत्रियों का पालन-पोषण परिवार ने किया और अब उनकी शादी हो चुकी है। लंबे समय तक बहन के न मिलने के कारण उनके पति ने दूसरा विवाह कर लिया, जिसके चलते अब उन्हें वैवाहिक जीवन का सुख नहीं मिल पाएगा। जहां यह मिलन परिवार के लिए अपार खुशी लेकर आया, वहीं जीवन की कुछ अधूरी कसक भी साथ रही।

विदाई के समय आश्रम में अत्यंत भावुक माहौल रहा। प्रभुजी शेख शेर बानो की आंखों में मायके से मिलने की खुशी के साथ-साथ आश्रम परिवार से बिछड़ने का दर्द भी साफ झलक रहा था। आश्रम परिवार ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिसके बाद वे सकुशल अपने मायके, जिला बीड (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हो गए।

नाम रोशन किया

करौली, (निसं)। ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डेफ के द्वारा अहमदाबाद(गुजरात) में राष्ट्रीय बधिर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में निशब्द विद्यालय एकट बोधठाम करौली के 9 बच्चो ने अलग अलग एथलेटिक्स खेलो में सहभागिता की प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूनम कुमारी ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक ,दीपक ने 400 मीटर रिले रेस में रजत पदक और तराना ने 400मीटर रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने से पूर्व राजस्थान विवि के खेल ठाउंड में राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया के लिए बच्चो ने ट्रायल दिया था।

राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर:-DEV/BHARATPUR/TRUST/2026/157 चूंकि प्रार्थी श्री KRISHNA CHANDPAL, BHANWAR VILAS PALACE KARAULI ने राजस्थान सार्वजनिक पून्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत पून्यास महाराजा गणेशपाल चैरिटेबल ट्रस्ट, BHANWAR VILAS PALAC KARAULI के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में उपर्युक्त पून्यास जिसकी जांच की जा रही हैं, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से सात दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि कोई उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति में निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोमहर के अधीन जारी किया गया। आइवा तारीख पेशी 27.05.2026

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर

राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी निभाने का आव्हान

भरतपुर, (निसं)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर में नवसंवत्सर का कार्यक्रम स्थानीय इकाई महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्त्वावधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाराजा सूरजमल बृज विवि के कुलगुरु प्रो. त्रिभुवन शर्मा,मुख्यवक्ता प्रोफेसर डॉ. दीपक शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर योगेंद्र भानु प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शिल्पी दीप माथुर ने की। मुख्यवक्ता डॉ.दीपक शर्मा ने भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसकी वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। भारतीय नववर्ष काल गणना की दृष्टि से एवं प्रकृति परिवर्तन की दृष्टि से पूर्णत प्रासंगिक है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की, राम जी के राज्याभिषेक का दिन भी यही है, शक्ति की उपासना,झूलेलाल जी का जन्म, हेडगेवार जी का जन्मदिन इसी दिन है। इसलिए इसी दिन नव वर्ष मनाना हमारी सांस्कृतिक विरासत को पुष्पित एवं पल्लवित करने के साथ साथ युवाओं में आत्मगौरव का भाव जागृत करता है। उन्होंने ज्ञान और विज्ञान की परम्परा के अनुसार भारतीय नव वर्ष को समझने एवं समझाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलगुरु डॉ.त्रिभुवन शर्मा जी ने शिक्षक को राष्ट्र का निर्माता बताया। उन्होंने एवीआरएसएम संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एकमात्र ऐसा संगठन है जो राष्ट्र निर्माण की बात करता है। शिक्षक समाज के हित के लिये तत्पर रहता है। उन्होंने शिक्षक के अमूल्य योगदान की चर्चा करते हुए गुरुकुल व्यवस्था चर्चा कीउन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षा को समाज निर्माण का माध्यम समझो जीविकोपार्जन का नहीं। डॉ योगेंद्र भानु ने संगठन द्वारा समाज के उत्थान के लिए शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया तथा शिक्षक से समाज को दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभाने का आव्हान किया। डॉ. शिल्पी दीप माथुर ने सभी शिक्षकों को दायित्वों को समझने एवं उनका उचित निर्वहन करने पर जोर दिया।

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका, मण्डरायल

क्रमांक/नपाम/2025/1407 दिनांक:- 24.03.2026

लोक सूचना

1. कमला पुत्री बद्री निवासी - मण्डरायल। 2 गीता पुत्री बद्री निवासी - मण्डरायल।
3. भनती पुत्री बद्री निवासी - मण्डरायल। 4. मनोज पुत्र बद्री निवासी - मण्डरायल।
5. मीरा पुत्री बद्री निवासी - मण्डरायल। 6. रामवीर पुत्र बद्री निवासी - मण्डरायल।

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा संख्या	90क हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल
1	मण्डरायल जिला करौली	मण्डरायल	1069 क्षेत्रफल 0.1138 हैक्टेयर	सम्पूर्ण

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 कि धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधिन वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समक्षा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.03.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका मण्डरायल

अनाथ बालिकाओं की शादी का जिम्मा विधायक मीणा ने लिया

सपोटरा/करौली, (निसं)। सपोटरा नगरपालिका क्षेत्र स्थित सानिवि कार्यालय के पीछे रहने वाली दलित बैरवा समाज की दो अनाथ बालिकाओं की शादी अब पूरे सम्मान और धूमधाम से होगी। क्षेत्रीय विधायक हंसराज मीणा ने सोशल मीडिया पर वायरल अपील से प्रेरित होकर दोनों बहनों के विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली है।

जानकारी के अनुसार, अनाथ बालिकाओं के पड़ोसी परिजनों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी शादी के लिए सहयोग राशि जुटाने की अपील की गई थी। इसी से प्रेरित होकर विधायक हंसराज मीणा सोमवार सुबह बालिकाओं से मिलने उनके घर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इससे पूर्व बैरवा धर्मशाला में सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विवाह की रूपरेखा तैयार की गई। विधायक ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर अनाथ बालिकाओं के विवाह में सहयोग करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।बालिकाओं सोनम व काजल के माता-पिता का निधन हो चुका है। माता पानबाई का लगभग 6 वर्ष पूर्व कैंसर से तथा पिता नरोती बैरवा का एक वर्ष पूर्व बीमारी से निधन हो गया था। ऐसे में उनके सामने कोई सहारा नहीं बचा था। पड़ोसी मनोहरी बैरवा, इन्द्राज बैरवा एवं समाजसेवी साजन शर्मा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सहायता की अपील की।

'मेले व रथ यात्राएं सामाजिक समरसता और अखंड भाईचारे का सशक्त माध्यम'

डीग/भरतपुर, (निसं)। गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को नगरपालिका बृजनगर के तत्वावधान में आयोजित श्री राम रथ यात्रा एवं मेला-2026 का विधिवत फीता काटकर और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक आयोजन क्षेत्र की धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह एवं श्रद्धालुओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि श्री राम रथ यात्रा के इस पावन मेले का उद्घाटन कर उन्हें अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अगाध धार्मिक आस्था से जुड़ने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस बात पर गहराई से बल दिया कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, अपितु हमारी गौरवशाली सनातन परंपराओं, उच्च जीवन मूल्यों और संस्कारों के जीवंत प्रतीक हैं। गृह राज्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि मेले समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में पिरोने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा आपसी प्रेम व अखंड भाईचारे को सुदृढ़ करने का सबसे सशक्त और प्रभावी माध्यम हैं। धार्मिक उल्लास के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए, इस पुनीत अवसर पर बेढ़म द्वारा बृजनगर में 100 फीट ऊंचे विशाल पोल पर देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। आसमान में शान से लहराते तिरंगे को नमन करते हुए बेढ़म ने कहा कि यह गगनचुंबी ध्वज यहाँ उपस्थित प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी के हृदय में देशभक्ति, मातृभूमि के प्रति असीम सम्मान और राष्ट्र गौरव की भावना को और अधिक प्रबल करेगा। नगरपालिका बृजनगर के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गृह राज्य मंत्री ने बताया कि यह भव्य मेला दिनांक 24 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 28 मार्च 2026 तक अनवरत रूप से चलेगा। राज्य सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के अनुरूप, इन पांच दिनों में केवल धार्मिक और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का ही आयोजन नहीं होगा, बल्कि आमजन को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी विकास और उल्लास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सुनियोजित और रचनात्मक प्रयास किया जाएगा। समारोह के अंत में गृह राज्य मंत्री ने क्षेत्रवासियों से आव्हान किया कि वे पूर्ण उत्साह, अनुशासन और शांतिपूर्ण तरीके से अधिकाधिक संख्या में इस मेले में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

- **24 से 28 मार्च तक होगा सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने श्रीराम रथ यात्रा एवं मेले का उद्घाटन किया।

PUBLIC SUMMONS / NOTICE

IN THE CITY CIVIL COURT OF AHMEDABAD AT-AHMEDABAD, GUJARAT, INDIA, PIN-380001

CIVIL SUIT No. 286 of 2025 Exh.32

Plaintiff Advocate- S.D. Vasavada

Plaintiff : Invesics Cyber Forensics L.L.P Through Its Partner Kaivashin Sethna And Three Others

V/s.

Defendant : (1) AECOS Technology Private Limited Having its registered office at: H-402, Dev Samruddh, B/H Mahesul Bhavan, Ring Road, Vastral, Ahmedabad, Daskroi, Gujarat, India, 382 418

(2) Anil Kishanlal Charan In the capacity of Director of AECOS Technology Private Limited Company and also in his individual capacity, Having registered address at Purshottam Flats, Block-B, Thaltej, Ahmedabad-380 059. Having also addresses at Nag